लोक सभा अध्यक्ष ने लवलीना बोरगोहेन को टोक्यो ओलंपिक्स में कांस्य पदक जीतने पर बधाई दी

...

देश को लवलीना की जीत पर गर्व है : श्री बिरला

...

लवलीना की मेहनत और जुझारूपन से देश की अनेक बेटियों को प्रेरणा मिलेगी : श्री बिरला

नई दिल्ली, 04 अगस्त, 2021: लोक सभा अध्यक्ष ने भारत की बॉक्सर, सुश्री लवलीन बोरगोहेन को टोक्यो ओलंपिक्स में कांस्य पदक जीतने पर बधाई दी है। अपने संदेश में श्री बिरला ने कहा:

"टोक्यो ओलंपिक्स में बॉक्सिंग में कांस्य पदक जीतने पर लवलीना बोरगोहेन को हार्दिक बधाई। समूचे भारतवर्ष को आप पर गर्व है। आपकी मेहनत और जुझारूपन से देश की अनेक बेटियों को प्रेरणा मिलेगी। मैं आपके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूँ। "

श्री बिरला ने ओलंपिक्स में भारत की महिलाओं द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन किए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए यह आशा भी व्यक्त की कि भारत के अन्य खिलाड़ी भी अपनी जीत दर्ज करके देश को गौरवान्वित करेंगे।

इस अवसर पर श्री बिरला ने भारत के खिलाड़ियों को टोक्यो ओलंपिक्स में अच्छे प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएँ दीं।